Annual Report for Session 2023-24

वार्षिक रिपोर्ट 2023- 24

ग्रामीण आंचल में स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी अपने शानदार प्रदर्शन के कारण अत्यंत अल्पकाल में ही इस क्षेत्र का एक विशिष्ट शैक्षणिक संस्थान बन गया है। प्रतिवर्ष की भांति सत्र 2023-24 में भी महाविद्यालय ने विविध क्षेत्रों में अनेक उपलब्धियों को अर्जित किया है। जिसका विवरण इस प्रकार है–

University position

महाविद्यालय की छात्राओं ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर (रेवाड़ी) द्वारा जारी मेरिट सूची में प्रतिवर्ष की तरह विशिष्ट स्थान पाया है। कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में विश्वविद्यालय मेरिट सूची में विशेष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं की सूची इस प्रकार है–

क्रम संख्या	छात्रा का नाम	अनुक्रमांक	संकाय	सामिसत्र	प्रतिशत	विश्वविद्यालय मैरिट सूची में स्थान
1	PREETI BAI	212421101073	B.A.	FIFTH SEMESTER	83.5	6th
2	PEEHU	232421102014	B.Com.	FIRST SEMESTER	77.5	3rd
3	PRIYA	232421102017	B.Com.	FIRST SEMESTER	74.33	8th
4	DIVYA KUMARI	2224211002020	B.Com.	THIRD SEMESTER	84.17	6th
5	KAJAL	222421101031	B.A.	THIRD SEMESTER	94.25	**University Topper**
6	NANCY	222421101059	B.A.	THIRD SEMESTER	90.75	2nd
7	TANU	222421101040	B.A.	THIRD SEMESTER	85.0	8th
8	KALPANA	232421103012	B.Sc.	FIRST SEMESTER	80.8	9th
9	REENA	212421103002	B.Sc.	FIFTH SEMESTER	85.33	10th

IIT JAM Position

ग्रामीण पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाली इस महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने श्रेष्ठ बौद्धिक प्रदर्शन से शहरी क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले

विद्यार्थियों से भी अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भारतीय औद्योगिक संस्थान तथा भारतीय विज्ञान संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा को B.Sc तृतीय वर्ष की छात्रा रीना तथा शिवानी ने उत्तीर्ण कर संस्थान के साथ–साथ इस क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में साक्षी तथा हितेशी द्वारा निर्मित मॉडल ने प्रथम स्थान पाया।

National Service Scheme

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित कराने के लिए कार्यरत इस योजना के दोनों इकाइयों द्वारा सामाजिक उत्थान एवं जागृति के लिए अनेकविध गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। इस योजना द्वारा विविध सामाजिक पहलुओं को दृष्टिगोचर करते हुए विशिष्ट अभियानों का आयोजन किया गया, जैसे स्वच्छता अभियान, वृद्धजन प्रतिगृहित अभियान, हेल्प डेस्क अभियान ,पर्यावरण सुरक्षा अभियान , जल संरक्षण अभियान।

Women cell

महाविद्यालय की छात्राओं में विशेष कौशलों और जानकारी प्रदान करने के लिए इस प्रकोष्ठ द्वारा समय–समय पर विशिष्ट व्याख्यान, कानूनी जागरूकता, रैलियों के माध्यम से जनसाधारण को संदेश देना इत्यादि कार्यक्रमों को कराया गया। छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई एवं ब्यूटीशियन कार्यशालाओं को संचालित करवाया गया।

Placement cell

विविध प्रौद्योगिकी संस्थाओं द्वारा इस महाविद्यालय में रोजगार मेला लगाया गया । जिसमें Axis बैंक ओर से B.Sc तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया व B.Com तृतीय वर्ष की छात्रा गायत्री को सहायक प्रबंधक के पद पर चयनित किया गया।

Sports Achivements

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए अच्छी इनडोर (कैरम,शतरंज आदि) और आउटडोर (फुटबाल, हॉकी) स्पोर्ट्स सुविधाएं है। छात्राओं में खेल की भावना को जगाने के लिए द्विदिवसीय ।जीसमजपब डममज

का आयोजन किया जाता है। अंतर महाविद्यालय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने सेमीफाइनल तक पहुंच कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

Transport Facilities

दूर–दराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं तथा अन्य छात्राओं के लिए महाविद्यालय की मांग को देखेते हुए हरियाणस राज्य परिवहन की ओर से छात्राओं के लिए चार बसों की व्यवस्था की गई है। जो महाविद्यालय का छात्राओं की सुरक्षा,सुविधा तथा समय बचत एवं आर्थिक लाभ को देखेते हुए सराहनीय प्रयास है।

Educational Tour

महाविद्यालय की छात्राओं को विभिन्न संस्कृतियों एवं परंपराओं तथा व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से 80 छात्राओं के समूह ने बाघा बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर एवं चंडीगढ़ में शैक्षणिक भ्रमण किया।

Yoga club

युवा शक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य प्रदान कराने, तनाव एवं चिंता मुक्त कराने, एकाग्रता एवं स्मृति शक्ति के अभिवर्धन के लिए योगा क्लब बनाया गया। जिसके अन्तर्गत में 100 छात्राओं की एक टीम गठित की गई। उन्हें योग एवं प्राणायाम की क्रियाओं के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने महाविद्यालय की अन्य छात्राओं तथा जनसाधारण को योग के महत्व तथा प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

Academic activities

छात्राओं के ज्ञानवर्धन के संकायों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का समय–समय पर आयोजन किया गया। जो इस प्रकार हैं –

कला संकाय की शैक्षणिक गतिविधियां –

हिंदी दिवस, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता गीता जयंती के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता, पर्यावरण दिवस, संविधान दिवस, साक्षरता सप्ताह आदि।

विज्ञान संकाय की शैक्षणिक गतिविधियां –

पोस्टर व प्रतिकृति निर्माण प्रतियोगिता, ग्लोबल वार्मिंग विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विविध विषयों पर प्रस्तुतीकरण का शक्तिशाली संयोजन प्रतियोगिता आदि।

वाणिज्य संकाय की शैक्षणिक गतिविधियां –

बजट 2024 पर परिचर्चा ,बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर लेखन प्रतियोगिता, बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार अवसरों के बारे व्याख्यान, वित्तीय लेखांकन विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि।